प्रश्न पुस्तिका / QUESTION BOOKLET

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 28
Number of Pages in Booklet : 28

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 100
Number of Question in Booklet : 100

**A** बुकलेट सीरीज

**528781**

समय / Time : 2.00 घंटे / Hours

पूर्णांक / Maximum Marks :100

## INSTRUCTIONS

1. Answer all questions.
2. All questions carry equal marks.
3. Only one answer is to be given for each question.
4. If more than one answer is marked, it would be treated as wrong answer.
5. Answers are to be marked on the OMR Answer Sheet, which is provided separately.
6. Each question has four alternative responses marked serially as **1,2,3,4**. You have to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using BLACK/ BLUE BALL PEN.
7. There is no Negative Marking.
8. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
9. Please carefully and correctly fill your Roll Number and Series printed on Question Paper Booklet on O.M.R. Sheet.
10. If there is any sort of ambiguity / mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.

**WARNING** : Candidate using unfair means in the exam will be disqualified.

JS'14

## निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान है ।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए ।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. प्रश्नों के उत्तर पृथक से दिये जाने वाले ओ. एम.आर. पत्रक पर अंकित करें ।
6. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1,2,3,4 अंकित किया गया है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर–पत्रक पर काले / नीले बॉल पेन से गहरा करना है ।
7. कोई नकारात्मक अंकन नहीं है ।
8. मोबाईल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित है । यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी ।
9. कृपया अपना रोल नम्बर एवं प्रश्न पत्र पुस्तिका पर अंकित सीरीज ओ.एम.आर. पत्रक पर सावधानी पूर्वक सही भरें ।
10. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।

**चेतावनी** : परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा।

**Question No.1**

The Supreme Court has held that right to fly the National Flag with respect and dignity is a fundamental right of every citizen within the meaning of Article 19(1)(a) of the Constitution of India in the case of:

(1) Keshvanand Bharti v. State of Kerala
(2) Abhay Singh v. State of Uttar Pradesh
(3) Union of India v. Naveen Jindal
(4) Shabnam Hashmi v. Union of India

**प्रश्न सं.1**

उच्चतम न्यायालय द्वारा निर्धारित किया गया है कि राष्ट्रीय ध्वज को आदर एवं गरिमा के साथ फहराने का प्रत्येक नागरिक का संविधान के अनुच्छेद 19 (1)(क) के अन्तर्गत मूलभूत अधिकार है:

(1) केशवानन्द भारती बनाम केरल राज्य के मामले में
(2) अभय सिंह बनाम उत्तर प्रदेश राज्य के मामले में
(3) भारत संघ बनाम नवीन जिंदल के मामले में
(4) शबनम हाशमी बनाम भारत संघ के मामले में

**Question No.2**

Which of the following is a constitutional right but not a fundamental right?

(1) Protection of life and personal liberty
(2) Right to move freely throughout the territory of India.
(3) Right to assemble peaceably
(4) Right to hold property.

**प्रश्न सं.2**

निम्न में से कौन सा संवैधानिक अधिकार है परन्तु मूलाधिकार नहीं है?

(1) प्राण और दैहिक स्वतन्त्रता का संरक्षण
(2) भारत के राज्यक्षेत्र में सर्वत्र अबाध संचरण का अधिकार
(3) शांतिपूर्वक सम्मेलन का अधिकार
(4) संपत्ति रखने का अधिकार

**Question No.3**

Statement No.1 - Directive Principles of State Policy are not enforceable by any Court.
Statement No.2 - Directive Principles of State Policy are fundamental in the governance of the country.

(1) Both the statements are true
(2) Both the statements are false
(3) Statement No.1 is true but statement No.2 is false
(4) Statement No.2 is true but statement No.1 is false

**प्रश्न सं.3**

कथन सं.1: राज्य की नीति के निदेशक तत्व किसी न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं है।
कथन सं.2: राज्य की नीति के निदेशक तत्व देश के शासन में मूलभूत हैं।

(1) दोनों कथन सही है
(2) दोनों कथन गलत है
(3) कथन सं.1 सही है परन्तु कथन सं.2 गलत है
(4) कथन सं.2 सही है परन्तु कथन सं.1 गलत है

**Question No. 4**

The Supreme Court of India has laid down the law relating to Alternative Dispute Resolution processes and Section 89 of the Code of Civil Procedure in the case of:

(1) Dinesh Kumar v. Yusuf Ali
(2) Afcon Infrastructure Ltd. v. Cherian Varkey Construction Co.
(3) Bimlesh v. New India Assurance Co.
(4) Standard Chartered Bank v. V. Noble Kumar

**प्रश्न सं.4**

उच्चतम न्यायालय द्वारा वैकल्पिक विवाद निस्तारण प्रकियाओं तथा सिविल प्रकिया संहिता की धारा 89 से सम्बन्धित विधि घोषित की गई है:

(1) दिनेश कुमार बनाम यूसुफ अली के मामले में
(2) एफकॉन इन्फरास्ट्रक्चर लि. बनाम चेरियन वरकी कन्सट्रक्शन कं. के मामले में
(3) बिमलेश बनाम न्यू इन्डिया एश्योरेन्स कं. के मामले में
(4) स्टेन्डर्ड चार्टर्ड बैंक बनाम वी. नोबल कुमार के मामले में

**Question No. 5**

Under Order XXXII Rule 9 of the Code of Civil Procedure, a next friend of a minor can be removed:

(1) if he ceases to reside in India during the pendency of the suit
(2) where his interest becomes adverse to that of the minor
(3) where he does not do his duty
(4) for any of the above reasons

**प्रश्न सं.5**

सिविल प्रकिया संहिता के आदेश 32 नियम 9 के अन्तर्गत एक अवस्यक के वाद–मित्र को हटाया जा सकता है:

(1) यदि वाद के लम्बित रहने के दौरान वह भारत के भीतर निवास करना छोड़ देता है
(2) जहां उसका हित अवस्यक के हित के प्रतिकूल हो जाता है
(3) जहां वह अपना कर्तव्य नहीं करता है
(4) उपरोक्त में से किसी भी कारण पर

**Question No. 6.**

In the Code of Civil Procedure, an ex parte decree can be set aside:

(1) Under Order IX Rule 5
(2) Under Order IX Rule 10
(3) Under Order IX Rule 13
(4) Under Order IX Rule 11

**प्रश्न सं.6**

सिविल प्रकिया संहिता में एक पक्षीय डिकी को अपास्त किया जा सकता है:

(1) आदेश 9 नियम 5 के अन्तर्गत
(2) आदेश 9 नियम 10 के अन्तर्गत
(3) आदेश 9 नियम 13 के अन्तर्गत
(4) आदेश 9 नियम 11 के अन्तर्गत

**Question No.7**

The Communication of an acceptance is complete as against the acceptor:

(1) as soon as acceptance is made by the acceptor
(2) when it is put in the course of transmission to the proposer
(3) when it comes to the knowledge of the proposer
(4) none of the above

**प्रश्न सं.7**

प्रतिग्रहण की संसूचना प्रतिग्रहिता के विरुद्ध तब संपूर्ण हो जाती है:

(1) ज्योंही प्रतिग्रहिता द्वारा प्रतिग्रहण किया जाता है
(2) जब वह प्रस्थापक के प्रति पारेषण के अनुकम में कर दी जाती है
(3) जब वह प्रस्थापक के ज्ञान में आती है
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Question No.8**

An agreement in restraint of the marriage of any person other than a minor is:

(1) void
(2) voidable
(3) a contingent agreement
(4) none of the above

**प्रश्न सं.8**

ऐसा करार जो अप्राप्तवय से भिन्न किसी व्यक्ति के विवाह के अवरोधार्थ हो:

(1) शून्य है
(2) शून्यकरणीय है
(3) एक समाश्रित करार है
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Question No. 9**

'Bailee' is a person:

(1) to whom the goods are delivered
(2) who delivers the goods
(3) who fails to deliver the goods
(4) none of the above

**प्रश्न सं.9**

'उपनिहिती' वह व्यक्ति है:

(1) जिसको माल परिदत्त किया जाता है
(2) जिसके द्वारा माल परिदत्त किया जाता है
(3) जो माल परिदत्त करने में असफल रहता है
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Question No.10**

The rule of 'strict liability' propounded in the case of Rylands Vs. Fletcher is not applicable:

(1) When the damage is due to *vis major*
(2) When the damage is due to wrongful act of stranger
(3) When the damage is due to the plaintiff's own fault
(4) All the above

**प्रश्न सं.10**

रॉयलैण्ड्स बनाम फ्लेचर के मामले मे प्रतिपादित 'कठोर दायित्व' का सिद्धान्त लागू नहीं होता है:

(1) जबकि नुकसान ईश्वरीय कृत्य के कारण हुआ हो
(2) जब नुकसान किसी अजनबी के सदोष कृत्य के कारण हुआ हो
(3) जब नुकसान वादी स्वयं की गलती के कारण हुआ हो
(4) उपरोक्त सभी

**Question No.11**

The Rule of *'res ipsa loquitur'* is related to the tort of :

(1) Negligence
(2) False Imprisonment
(3) Defamation
(4) Malicious Prosecution

**प्रश्न सं.11**

'घटना स्वयं बोलती है' (*'res ipsa loquitur'*) का नियम किस अपकृत्य से संबंधित है:

(1) उपेक्षा
(2) अप्राधिकृत बन्दीकरण
(3) मानहानि
(4) द्वेषपूर्ण अभियोजन

**Question No.12**

The land, for the beneficial enjoyment of which easement exists, is called:

(1) Servient heritage
(2) Dominant heritage
(3) Extinct heritage
(4) None of the above

**प्रश्न सं.12**

वह भूमि जिसके फायदाप्रद उपभोग के लिए सुखाधिकार विद्यमान है, कहलाती है:

(1) अनुसेवी सम्पत्ति
(2) अधिष्ठायी सम्पत्ति
(3) विलुप्त सम्पत्ति
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Question No.13**

Under Section 173 of the Motor Vehicles Act, a person aggrieved by an award of the Tribunal can prefer an appeal to:

(1) The Supreme Court
(2) The High Court
(3) The District Court
(4) None of the above

**प्रश्न सं.13**

मोटरयान अधिनियम की धारा 173 के अंतर्गत अधिकरण के पंचाट से व्यथित कोई व्यक्ति अपील कर सकता है:

(1) उच्चतम न्यायालय को
(2) उच्च न्यायालय को
(3) जिला न्यायालय को
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Question No.14**

Unless otherwise agreed by the parties, the arbitral proceedings, in respect of a particular dispute commence on the date:

(1) when the arbitrator is appointed by the parties
(2) on which a request for that dispute to be referred to arbitration is received by the respondent
(3) when the matter is referred to arbitrator for settlement
(4) when the arbitrator takes notice of the dispute for further proceedings.

**प्रश्न सं.14**

जब तक कि पक्षकारों द्वारा अन्यथा करार न किया गया हो, किसी विशिष्ट विवाद के सम्बन्ध में माध्यस्थम् कार्यवाही उस तिथि पर आरम्भ होती है:

(1) जब पक्षकारों द्वारा मध्यस्थ की नियुक्ति की जाती है
(2) जिस तिथि पर विवाद को माध्यस्थम को निर्दिष्ट किये जाने का अनुरोध प्रत्यर्थी को प्राप्त हो जाता है
(3) जब मामले को समाधान के लिये मध्यस्थ को निर्दिष्ट किया जाता है
(4) जब मध्यस्थ आगे की कार्यवाही के लिये विवाद की सूचना लेता है

**Question No.15**

In the arbitral proceedings, where a party fails to appear at an oral hearing or fails to produce documentary evidence:

(1) The Tribunal has no power to continue the proceedings and to give its award
(2) The Tribunal shall terminate the arbitral proceedings
(3) The Tribunal has power to continue the proceedings and to give its award
(4) None of the above.

**प्रश्न सं.15**

माध्यस्थम की कार्यवाही में जब एक पक्षकार किसी मौखिक सुनवाई पर उपस्थित होने में या दस्तावेजी साक्ष्य को प्रस्तुत करने में असफल रहता है:

(1) अधिकरण को कार्यवाही जारी रखने एवं अपना पंचाट देने का अधिकार नहीं है
(2) अधिकरण माध्यस्थम की कार्यवाही को समाप्त कर देगा
(3) अधिकरण को कार्यवाही जारी रखने एवं अपना पंचाट देने का अधिकार है
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Question No.16**

Under the Rajasthan Rent Control Act, 2001, which of the following landlord is entitled to recover immediate possession of a residential premises:

(1) A retired member of any Armed Forces of the Union
(2) A retired employee of the Central Government
(3) A retired employee of the State Owned Corporation
(4) All the above

**प्रश्न सं.16**

राजस्थान किराया नियन्त्रण अधिनियम, 2001 के अन्तर्गत निम्न में से कौनसा भूस्वामी निवासीय परिसर का तुरन्त कब्जा प्राप्त करने का हकदार है:

(1) संघ के किसी भी सशस्त्रबल का सेवानिवृत सदस्य
(2) केन्द्रीय सरकार का सेवानिवृत कर्मचारी
(3) राज्य के स्वामित्व वाले निगम का सेवानिवृत कर्मचारी
(4) उपरोक्त सभी

**Question No.17**

Under which provision of the Rajasthan Land Revenue Act, 1956, any dispute concerning any boundaries can be decided by the Land Records Officer?

(1) Section 109
(2) Section 110
(3) Section 111
(4) Section 112

**प्रश्न सं.17**

राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 के कौनसे प्रावधान के अन्तर्गत किन्ही सीमाओं के सम्बन्धित किसी विवाद का निपटारा भूमि अभिलेखाधिकारी द्वारा किया जा सकता है?

(1) धारा 109
(2) धारा 110
(3) धारा 111
(4) धारा 112

**Question No.18**

In the Rajasthan Tenancy Act, 1955, such provisions of the Code of Civil Procedure, 1908 which do not apply to the suit or proceedings under that Act are contained in:

(1) First Schedule
(2) Second Schedule
(3) Third Schedule
(4) Fourth Schedule

**प्रश्न सं.18**

राजस्थान काश्तकारी अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत दावों अथवा कार्यवाहियों पर सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के नही लागू होने वाले प्रावधान अर्न्तविष्ठ है:

(1) प्रथम अनुसूची में
(2) द्वितीय अनुसूची में
(3) तृतीय अनुसूची में
(4) चतुर्थ अनुसूची में

**Question No. 19**

Where the plaintiff, in a suit for specific performance, proves the existence of the agreement and its non-performance by the defendant, the Court:

(1) is bound to issue a decree for specific performance
(2) can refuse to issue a decree for specific performance on the ground of inadequacy of consideration
(3) is not bound to issue a decree for specific performance, since the relief is discretionary
(4) None of the above

**प्रश्न सं.19**

जब वादी, संविदा की विनिर्दिष्ट पालना हेतु वाद में, करार का अस्तित्व में होना व प्रतिवादी द्वारा इसकी पालना नहीं किया जाना सिद्ध कर दे, तो न्यायालयः

(1) विनिर्दिष्ट पालना हेतु डिकी जारी करने को बाध्य है
(2) प्रतिफल की अपर्याप्ता के कारण विनिर्दिष्ट पालना हेतु डिकी जारी करने से मना कर सकता है
(3) विनिर्दिष्ट पालना हेतु डिकी जारी करने को बाध्य नहीं है, क्योकि अनुतोष वैवेकिक है
(4) उपरोक्त में से कोई नही

**Question No.20**

If a person is dispossessed without his consent of immovable property otherwise than in due course of law, he may file a suit to recover possession under Section 6 of the Specific Relief Act within:

(1) three months from the date of dispossession
(2) six months from the date of dispossession
(3) twelve months from the date of dispossession
(4) three years from the date of dispossession

**प्रश्न सं.20**

यदि कोई व्यक्ति अपनी सहमति बिना स्थावर सम्पत्ति से विधि के सामान्य अनुकम से अन्यथा बेकब्जा कर दिया जाए तो वह कब्जा प्रत्युद्धरण हेतु विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम की धारा 6 के अन्तर्गत वाद द्वारा प्रस्तुत कर सकता हैः

(1) बेकब्जा किए जाने की तारीख से तीन मास के भीतर
(2) बेकब्जा किए जाने की तारीख से छह मास के भीतर
(3) बेकब्जा किए जाने की तारीख से बारह मास के भीतर
(4) बेकब्जा किए जाने की तारीख से तीन वर्ष के भीतर

**Question No.21**

The principles in the case of Jijabai Vithalrao Gajre Vs. Pathan Khan (AIR 1971 SC 315) are related with:

(1) Dissolution of Marriage
(2) Succession
(3) Adoption
(4) Minority and Guardianship

**प्रश्न सं.21**

जीजाबाई विठलराव गजरे बनाम पठान खां (ए आइ आर 1971 एस सी 315) के वाद में प्रतिपादित सिद्धान्त सम्बन्धित हैं:

(1) विवाह विच्छेद से
(2) उत्तराधिकार से
(3) दत्तकग्रहण से
(4) अवयस्कता तथा संरक्षता से

**Question No.22**

The prescribed period of limitation for preferring an appeal under Section 28 of the Hindu Marriage Act is :

(1) thirty days
(2) sixty days
(3) ninety days
(4) one hundred & twenty days

**प्रश्न सं.22**

हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 28 के अन्तर्गत अपील किये जाने का विहित परिसीमा काल हैः

(1) तीस दिन
(2) साठ दिन
(3) नब्बे दिन
(4) एक सौ बीस दिन

**Question No.23**

Under the Muslim Law, '*Khula*' and '*Mubara'at*' are:

(1) the forms of marriage
(2) the forms of dissolution of marriage by agreement
(3) the forms of repudiation of gift on attaining majority
(4) the forms of demanding pre-emption

**प्रश्न सं.23**

मुस्लिम विधि के अन्तर्गत 'खुला' एवं 'मुबार'त' है:

(1) विवाह के प्रकार
(2) आपसी सहमति से विवाह के विघटन के प्रकार
(3) वयस्कता प्राप्त होने पर दान निराकृत करने के प्रकार
(4) हकशफा मांगने के प्रकार

**Question No. 24**

If the donee dies before acceptance of gift, then:

(1) the gift is voidable
(2) the gift is void
(3) the gift is valid
(4) the gift is converted into will

**प्रश्न सं.24**

यदि दान प्रतिग्रहण करने से पहले आदाता की मृत्यु हो जाती है तो:

(1) दान शून्यकरणीय हो जाता है
(2) दान शून्य हो जाता है
(3) दान मान्य हो जाता है
(4) दान इच्छापत्र में परिवर्तित हो जाता है

**Question No.25**

A lessee accepts from the lessor a new lease of the property leased, to take effect during the continuance of the existing lease. This :

(1) converts the former lease into exchange
(2) converts the former lease into a perpetual lease
(3) is an implied surrender of the former lease
(4) is a voidable agreement

**प्रश्न सं.25**

एक पट्टादार अपने पट्टाकर्ता से, पट्टाकृत सम्पत्ति का नया पट्टा, वर्तमान पट्टे के चालू रहने के दौरान प्रभाव होने के लिए, प्रतिग्रहित करता है।यह:

(1) पूर्वोक्त पट्टे को विनिमय में परिवर्तित कर देता है
(2) पूर्वोक्त पट्टे को शाश्वत पट्टे में परिवर्तित कर देता है
(3) पूर्वोक्त पट्टे का विवक्षित अभ्यर्पण है
(4) एक शून्यकरणीय करार है

**Question No. 26**

Where the prescribed period of limitation for any application is expiring on a holiday, the application:

(1) should be made a day prior to holiday
(2) may be made on the day when the Court re-opens
(3) may be made within thirty days of re-opening of the Court
(4) may be made on any day after the Court re-opens.

**प्रश्न सं.26**

जहाँ कि किसी आवेदन के लिए विहित काल का अवसान किसी अवकाश के दिन हो रहा हो वहाँ आवेदन:

(1) अवकाश के दिन से एक दिन पूर्व किया जाना चाहिये
(2) उस दिन किया जा सकता है जिस दिन न्यायालय फिर खुले
(3) न्यायालय खुलने के तीस दिन के भीतर किया जा सकता है
(4) न्यायालय खुलने के पश्चात् किसी भी दिन किया जा सकता है

**Question No.27**

Under the Limitation Act, the period of limitation for filing a suit for compensation for false imprisonment begins to run from the time:

(1) when imprisonment ends
(2) when imprisonment begins
(3) when prosecution terminates
(4) none of the above

**प्रश्न सं.27**

परिसीमा अधिनियम के अन्तर्गत अप्राधिकृत बन्दीकरण के निमित्त प्रतिकर के लिए वाद प्रस्तुत करने का परिसीमा काल चलना प्रारम्भ होता है:

(1) जब बन्दीकरण का अन्त हो जाए
(2) जब बन्दीकरण प्रारम्भ हो
(3) जब अभियोजन का पर्यवसान हो जाए
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Question No.28**

Under the Limitation Act, the period of limitation for filing an application for an order to set aside an abatement is:

(1) 60 days
(2) 90 days
(3) 120 days
(4) none of the above

**प्रश्न सं.28**

परिसीमा अधिनियम के अन्तर्गत उपशमन को अपास्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की परिसीमा अवधि है:

(1) 60 दिवस
(2) 90 दिवस
(3) 120 दिवस
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Question No.29**

Where in a case referred under Section 20 (1) of the Legal Services Authorities Act, 1987, no award could be made by the Lok Adalat on the ground that no compromise could be arrived at between the parties, the Lok Adalat shall :

(1) return the record of the case to the Court which made the reference
(2) shall dispose of the case on merits
(3) shall send the record to the District Legal Services Authority
(4) shall adjourn the proceedings in the case sine die

**प्रश्न सं.29**

विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की धारा 20(1) के अन्तर्गत निर्देशित किसी मामलें में, जहां लोक अदालत द्वारा इस कारण पंचाट नहीं बनाया जा सके कि पक्षकारों के मध्य समझौता नहीं हो सका तो लोक अदालत:

(1) निर्देश करने वाले न्यायालय को मामले का अभिलेख लौटा देगा
(2) मामले का गुणावगुण पर निस्तारण करेगा
(3) जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को मामले का अभिलेख भेज देगा
(4) मामले में कार्यवाही अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर देगा

**Question No.30**

Under the Protection of Women from Domestic Violence Act, 2005, besides passing orders for protection and residence, a Magistrate can pass:

(1) Custody orders
(2) Compensation orders
(3) Ex parte orders
(4) All the above

प्रश्न सं.30

घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत संरक्षण तथा निवास हेतु आदेश के अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पारित कर सकता है:

(1) अभिरक्षा आदेश
(2) प्रतिकर आदेश
(3) एक पक्षीय आदेश
(4) उपरोक्त सभी

**Question No.31**

Under the Rajasthan Guaranteed Delivery of Public Services Act, 2011, the State Government may notify the service provided by :

(1) The State Government
(2) An institution established by any law made by the State Legislature
(3) Departments of the State Government
(4) All the above

प्रश्न सं.31

राजस्थान लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम, 2011 के अन्तर्गत राज्य सरकार उन सेवाओं को अधिसूचित कर सकती है जो प्रदान की जाती है:

(1) राज्य सरकार द्वारा
(2) राज्य विधान मण्डल द्वारा बनाई गयी किसी विधि के अधीन स्थापित कोई संस्था द्वारा
(3) राज्य सरकार के विभागों द्वारा
(4) उपरोक्त सभी

**Question No.32**

Under the Rajasthan Right to Hearing Act, 2012, the power to make rules to carry out the purposes of the enactment has been conferred on :

(1) The State Government
(2) The Chief Information Commissioner
(3) The Board of Revenue
(4) None of the above

प्रश्न सं.32

राजस्थान सुनवाई का अधिकार अधिनियम, 2012 के अन्तर्गत अधिनियम के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए नियम बनाने की शक्ति प्रदान की गई है:

(1) राज्य सरकार को
(2) मुख्य सूचना आयुक्त को
(3) राजस्व मण्डल को
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Question No.33**

Under the Rajasthan Panchayati Raj Act, 1994, the functions and powers of Zila Parishad are specified in:

(1) First Schedule
(2) Second Schedule
(3) Third Schedule
(4) Fourth Schedule

प्रश्न सं.33

राजस्थान पंचायती राज अधिनियम, 1994 के अन्तर्गत जिला परिषद् के कृत्य और शक्तियां विनिर्दिष्ट किये गये है:

(1) प्रथम अनुसूचि में
(2) द्वितीय अनुसूचि में
(3) तृतीय अनुसूचि में
(4) चतुर्थ अनुसूचि में

**Question No.34**

If any dispute arises between a Panchayati Raj Institution and other Local Authority, the same shall be referred to:

(1) The Civil Court
(2) The Public Service Commission
(3) The State Government
(4) The Divisional Commissioner

**प्रश्न सं.34**

यदि किसी एक पंचायती राज संस्था और किसी अन्य स्थानीय प्राधिकरण के मध्य कोई विवाद खड़ा हो तो उसे निर्देशित किया जावेगा:

(1) सिविल न्यायालय को
(2) लोक सेवा आयोग को
(3) राज्य सरकार को
(4) संभागीय आयुक्त को

**Question No.35**

Under the Rajasthan Municipalities Act, 2009 a person, against whom an order has been passed under Section 117 of the Code of Criminal Procedure in the proceedings instituted under Section 110 of the said Code; and such order has not been subsequently reversed, is disqualified for being chosen as member of a Municipality :

(1) forever
(2) for a period of six years
(3) for a period specified by the State Government
(4) until expiry of the period for which he is ordered to furnish security.

**प्रश्न सं.35**

राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 के अन्तर्गत एक व्यक्ति, जिसके विरूद्ध दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 110 के अधीन संस्थित कार्यवाहियों में उस संहिता की धारा 117 के अधीन कोई आदेश पारित कर दिया गया हो और ऐसा आदेश तत्पश्चात् उलटा नहीं गया हो, नगरपालिका का सदस्य चुने जाने के लिए निरर्हित होगा:

(1) सदैव के लिए
(2) छह वर्ष की कालावधि हेतु
(3) राज्य सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट कालावधि हेतु
(4) उस कालावधि की समाप्ति तक जिसके लिए उसे प्रतिभूति देने का आदेश दिया गया है

**Question No.36**

Which kind of agreement can be presumed by the Court under Section 85-A of the Indian Evidence Act?

(1) Written Agreement
(2) Oral Agreement
(3) Electronic Agreement
(4) None of the above

**प्रश्न सं.36**

भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 85–क के अन्तर्गत न्यायालय द्वारा किस प्रकार के करार की उपधारणा की जा सकेगी?

(1) लिखित करार
(2) मौखिक करार
(3) इलेक्ट्रोनिक करार
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Question No.37**

Which one document from the following is not a "Public Document"?

(1) Judgment of a Court
(2) Police Charge sheet
(3) Postmortem report
(4) Will

**प्रश्न सं.37**

निम्नलिखित में से कौनसा दस्तावेज 'लोक दस्तावेज' नहीं है?

(1) न्यायालय का निर्णय
(2) पुलिस चालान
(3) शव परीक्षण रिपोर्ट
(4) वसीयत

**Question No.38**

A witness unable to speak, if gives his statement in writing before the Court, then such evidence shall be deemed to be -

(1) Oral evidence
(2) Documentary evidence
(3) Hearsay evidence
(4) Primary evidence

**प्रश्न सं.38**

बोलने में असमर्थ गवाह यदि न्यायालय में अपना बयान लिखित में देता है, उस स्थिति में उसकी साक्ष्य समझी जायेगी –

(1) मौखिक साक्ष्य
(2) दस्तावेजी साक्ष्य
(3) अनुश्रुत साक्ष्य
(4) प्राथमिक साक्ष्य

**Question No.39**

In a criminal case, the primary burden to prove a fact is upon -

(1) Accused
(2) Prosecution
(3) Police
(4) Court

**प्रश्न सं.39**

एक आपराधिक प्रकरण में तथ्य को साबित करने का प्राथमिक भार होता है–

(1) अभियुक्त पर
(2) अभियोजन पर
(3) पुलिस पर
(4) न्यायालय पर

**Question No.40**

**A** sues **B** for negligence in providing him with a carriage for hire not reasonably fit for use, whereby **A** was injured. The fact that **B** was habitually negligent about the carriages which he let to hire is:

(1) relevant
(2) irrelevant
(3) neither relevant nor irrelevant
(4) relevant as well as irrelevant

**प्रश्न सं.40**

अ ऐसी उपेक्षा के लिए ब पर वाद लाता है जो ब ने उसे युक्तियुक्त रूप से अनुपयोग्य गाड़ी भाड़े पर देने द्वारा की, जिससे अ को क्षति हुई थी। यह तथ्य कि ब उन गाड़ियों के बारे में जिन्हें वह भाड़े पर देता था, अभ्यासतः उपेक्षावान थाः

(1) सुसगंत है
(2) विसगंत है
(3) न तो सुसगंत है न ही विसगंत है
(4) सुगंत भी है व विसगंत भी है

**Question No.41**

Under which provision of the Indian Evidence Act, an accused may plead alibi?

(1) Section 10
(2) Section 11
(3) Section 12
(4) Section 13

**प्रश्न सं.41**

भारतीय साक्ष्य अधिनियम के किस प्रावधान में अभियुक्त अन्यत्र उपस्थित होने का अभिवाक् कर सकता है?

(1) धारा 10
(2) धारा 11
(3) धारा 12
(4) धारा 13

**Question No.42**

The doctrine of estoppel means -

(1) Not to make statement in consonance to the earlier statement
(2) Restriction to make statement contrary to the earlier statement/admission
(3) Res judicata
(4) Vague statement

**प्रश्न सं.42**

विबन्ध के सिद्धान्त से तात्पर्य है –

(1) पूर्व कथन के अनुरूप कथन नहीं करना
(2) पूर्व में किये गये कथन/स्वीकृति के विपरीत कथन करने से रोक
(3) पूर्व न्याय
(4) अस्पष्ट कथन

**Question No.43**

An accused in police custody, informs to the Station House Officer that the key by which he opened the safe and committed theft is kept by him in the patio of his house.

To what extent this information can be proved?

(1) For committing an offence of theft
(2) For opening lock of safe
(3) For committing theft by opening safe and destroying evidence
(4) For keeping the key in patio of house

**प्रश्न सं.43**

पुलिस अभिरक्षा में एक अभियुक्त थानाधिकारी को सूचित करता है कि वह चाबी जिसके द्वारा उसने तिजोरी को खोलकर चोरी की है, उसने अपने घर के आंगन में रखी है।

यह सूचना किस सीमा तक साबित की जा सकेगी?

(1) चोरी का अपराध कारित करने की
(2) तिजोरी का ताला खोलने की
(3) तिजोरी का ताला खोलकर चोरी करने एवं साक्ष्य नष्ट करने की
(4) चाबी को घर के आंगन में रखने की

**Question No.44**

In a trial, while explaining any circumstances appearing in evidence against him, an accused of committing murder states that due to grave and sudden provocation he was deprived of the power of self-control and thus, gave a single lathi blow to **A**, causing his death.

The burden to prove grave and sudden provocation is on -

(1) The Prosecution
(2) The Investigating agency
(3) The Court
(4) The Accused

**प्रश्न सं.44**

किसी विचारण में अपने विरूद्ध साक्ष्य में प्रकट होने वाली किन्हीं परिस्थितियों का स्पष्टीकरण करते हुए, हत्या करने का अभियुक्त यह कथन करता है कि गम्भीर और अचानक प्रकोपन के कारण वह आत्म संयम की शक्ति से वंचित हो गया व इस कारण उसने **अ** को लाठी की एक चोट पहुंचाई जिससे उसकी मृत्यु हो गई।

गम्भीर और अचानक प्रकोपन को साबित करने का भार है –

(1) अभियोजन पर
(2) अनुसंधान करने वाली एजेन्सी पर
(3) न्यायालय पर
(4) अभियुक्त पर

**Question No.45**

In the Indian Evidence Act, the expression "Court" means -

(1) All Judges
(2) All Magistrates
(3) All persons except Arbitrators, legally authorised to take evidence
(4) All the above

**प्रश्न सं.45**

भारतीय साक्ष्य अधिनियम में प्रयुक्त 'न्यायालय' शब्द से तात्पर्य है–

(1) सभी न्यायाधीश
(2) सभी मजिस्ट्रेट
(3) मध्यस्थों के अतिरिक्त वे सभी व्यक्ति जो साक्ष्य लेने हेतु वैध रूप से प्राधिकृत हैं
(4) उपरोक्त सभी

**Question No.46**

When the Court has to form an opinion as to the electronic signature of any person, the opinion of the certifying authority which has issued the electronic signature certificate is -

(1) Fact in issue
(2) Relevant fact
(3) Proved fact
(4) None of the above

**प्रश्न सं.46**

जब न्यायालय को किसी व्यक्ति के इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर के बारे में राय बनानी हो तब प्रमाणितकर्ता अधिकारी की राय जिसने इलेक्ट्रॉनिक हस्ताक्षर जारी किये हैं –

(1) विवाद्यक तथ्य है
(2) सुसंगत तथ्य है
(3) साबित तथ्य है
(4) उपरोक्त में से कुछ नहीं है

**Question No.47**

During the course of trial of a rape case, a person present in Court causes a knife injury to another person before the Court. The Judge before whom the incident took place -

(1) May not be called in evidence
(2) May be called in evidence only under special order of a higher Court
(3) May be examined as a witness
(4) May be called in evidence, only if the trial of that incident is going on before a higher Court

**प्रश्न सं.47**

एक बलात्कार के प्रकरण में, विचारण के दौरान न्यायालय में उपस्थित एक व्यक्ति, न्यायालय के समक्ष चाकू द्वारा अन्य व्यक्ति को उपहति कारित करता है। वह न्यायाधीश जिसके समक्ष यह घटना हुई –

(1) साक्ष्य में नहीं बुलाया जा सकता है
(2) किसी उच्चतर न्यायालय के विशेष आदेश के अधीन ही साक्ष्य में बुलाया जा सकता है
(3) एक साक्षी के रूप में परीक्षित किया जा सकता है
(4) यदि उक्त घटना का विचारण किसी उच्चतर न्यायालय में हो रहा है, तब ही साक्ष्य में बुलाया जा सकता है

**Question No.48**

For the purpose of the Code of Criminal Procedure 1973, who from amongst the following, may determine the language of each Court in the State other than the High Court?

(1) The High Court of the State
(2) The Supreme Court of India
(3) The State Government
(4) The Legislative Assembly of the State

**प्रश्न सं.48**

दण्ड प्रकिया संहिता 1973 के प्रयोजनार्थ निम्न मे से कौन, राज्य के अन्दर उच्च न्यायालय से भिन्न प्रत्येक न्यायालय की भाषा अवधारित कर सकता है?

(1) राज्य का उच्च न्यायालय
(2) भारत का सर्वोच्च न्यायालय
(3) राज्य सरकार
(4) राज्य की विधान सभा

**Question No.49**

To whom, as per Section 98 of the Code of Criminal Procedure, a complaint on oath for restoration of an abducted female child to the person having her lawful charge, may be presented?

(1) The District Magistrate
(2) The Sub Divisional Magistrate
(3) The Magistrate First Class
(4) All the above

**प्रश्न सं.49**

दण्ड प्रकिया संहिता की धारा 98 के अनुसार, एक अपहृत बालिका को उसके विधि पूर्ण भारसाधक को वापस कर दिए जाने हेतु शपथ पर परिवाद किसे प्रस्तुत किया जा सकता है?

(1) जिला मजिस्ट्रेट
(2) उपखण्ड मजिस्ट्रेट
(3) मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
(4) उपरोक्त सभी

**Question No.50**

In a summons case, when the accused appears or is brought before the Magistrate, it shall not be necessary to -

(1) State the particulars of the offence of which he is accused
(2) Ask whether he pleads guilty
(3) Ask whether he has any defence to make
(4) Frame a formal charge

**प्रश्न सं.50**

एक सम्मन मामले में जब अभियुक्त मजिस्ट्रेट के समक्ष उपस्थित होता है अथवा लाया जाता है, तब यह आवश्यक नहीं होगा कि –
(1) उस अपराध की विशिष्टिया बताई जावे, जिसका उस पर अभियोग है
(2) पूछा जावे कि क्या वह दोषी होने का अभिवाक् करता है
(3) पूछा जावे कि क्या वह प्रतिरक्षा करना चाहता है
(4) यथारीति आरोप विरचित किया जावे

**Question No.51**

The offence affecting the socio-economic condition of the country, to which plea bargaining is not applicable, shall be notified by-
(1) The State Government
(2) The Scheduled Castes/Scheduled Tribes Commission
(3) The Human Rights Commission
(4) The Central Government

**प्रश्न सं.51**

वह अपराध जो देश की सामाजिक आर्थिक स्थिति को प्रभावित करते हैं, जिन पर अभिवाक् चर्चा लागू नही है, को अधिसूचित किया जायेगा –
(1) राज्य सरकार द्वारा
(2) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति आयोग द्वारा
(3) मानवाधिकार आयोग द्वारा
(4) केन्द्र सरकार द्वारा

**Question No.52**

In a criminal trial, without producing the Chemical Examiner to the Government, the report given by him upon a thing duly submitted for analysis in the course of any proceeding under the Code of Criminal Procedure:
(1) Cannot be used as evidence
(2) Can be used as evidence only in summons cases
(3) Can be used as evidence
(4) Can be used only to refresh memory of the investigating officer coming in evidence

**प्रश्न सं.52**

एक आपराधिक विचारण में, बगैर सरकार के रासायनिक परीक्षक को प्रस्तुत किये, उसके द्वारा दण्ड प्रकिया संहिता के अधीन किसी कार्यवाही के दौरान विश्लेषण के लिए सम्यक् रूप से भेजी गई किसी चीज़ के बारे में दी गई रिपोर्ट को :
(1) साक्ष्य में उपयोग में नहीं लिया जा सकता है
(2) मात्र सम्मन प्रकरणों में साक्ष्य में उपयोग में लिया जा सकता है
(3) साक्ष्य में उपयोग में लिया जा सकता है
(4) साक्ष्य में आये अनुसंधान अधिकारी की स्मृति ताजा किये जाने मात्र तक उपयोग में लिया जा सकता है

**Question No.53**

On a busy junction of road, a huge poster/banner installed by an association is creating obstruction in traffic. Who from amongst the following, on having information, may remove such banner/poster by initiating proceedings under the provisions of the Code of Criminal Procedure?
(1) The District Judge
(2) The Chief Judicial Magistrate
(3) The Sub Divisional Magistrate
(4) The Collector

**प्रश्न सं.53**

एक एसोसिएशन द्वारा मार्ग के एक व्यस्त संगम पर स्थापित एक विशाल पोस्टर/बैनर यातायात में व्यवधान पैदा कर रहा है। निम्न में से कौन, सूचना प्राप्त होने पर, भारतीय दण्ड प्रकिया संहिता के अन्तर्गत प्रकिया प्रारम्भ कर ऐसे बैनर/पोस्टर को हटा सकता है?

(1) जिला न्यायाधीश
(2) मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
(3) उपखण्ड मजिस्ट्रेट
(4) जिलाधीश

**Question No.54**

Section 304 of the Code of Criminal Procedure provides for -

(1) In certain cases making available a pleader to the accused at the expenses of State
(2) Tender of pardon to accomplice
(3) Power to adjourn proceedings
(4) Power to proceed against other persons appearing to be guilty of offence.

**प्रश्न सं.54**

दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 304 प्रावधान करती है–

(1) कुछ मामलों में अभियुक्त को राज्य के व्यय पर प्लीडर उपलब्ध कराने हेतु
(2) सह अपराधी को क्षमादान प्रदान करने हेतु
(3) कार्यवाही स्थगित करने की शक्ति
(4) अपराध के दोषी प्रतीत होने वाले अन्य व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही करने की शक्ति

**Question No.55**

In cases tried by the Court of Sessions or a Chief Judicial Magistrate, the Court or such Magistrate, as the case may be, shall forward a copy of its or his finding and sentence, if any, to -

(1) The Superintendent of Police in the area of whom the crime concerned was committed
(2) The Police Station that conducted the investigation of the crime concerned
(3) The High Court to which the trial court is subordinate
(4) The District Magistrate within whose local jurisdiction the trial is held

**प्रश्न सं.55**

ऐसे मामले में, जिनका विचारण सेशन न्यायालय या मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा किया गया है, यथास्थिति, न्यायालय या मजिस्ट्रेट अपने निष्कर्ष और दण्डादेश की, यदि कोई हो, प्रति अग्रेषित करेगा –

(1) उस पुलिस अधीक्षक को, जिसके क्षेत्र में सम्बद्ध अपराध कारित किया गया हो
(2) उस पुलिस थाने को जिसने सम्बद्ध अपराध में अनुसंधान किया हो
(3) उस उच्च न्यायालय को, विचारण न्यायालय जिसके अधीनस्थ हो
(4) उस जिला मजिस्ट्रेट को जिसकी स्थानीय अधिकारिता के भीतर विचारण किया गया हो

**Question No.56**

A statement under Section 164 of the Code of Criminal Procedure may be recorded by -

(1) An Executive Magistrate
(2) A Police Officer
(3) A Judicial Magistrate or a Metropolitan Magistrate
(4) All the officers named above

**प्रश्न सं.56**

दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 164 के अधीन कथन दर्ज किया जा सकता है–

(1) एक कार्यपालक मजिस्ट्रेट द्वारा
(2) एक पुलिस अधिकारी द्वारा
(3) एक न्यायिक मजिस्ट्रेट या महानगर मजिस्ट्रेट द्वारा
(4) उपरोक्त सभी अधिकारियों द्वारा

**Question No.57**

Which one of the following statement is **not** correct?

(1) A sentence of death passed by the Sessions Court is subject to confirmation by the High Court

(2) A sentence of death passed by the Sessions Court can be confirmed by the High Court only when a Bench hearing the case consists of at least two Judges, when such Court consists of two or more Judges

(3) No order of confirmation of death sentence shall be made prior to expiry of the period for preferring appeal

(4) The High Court, considering the death punishment for confirmation, if no appeal is preferred by the accused challenging the death sentence passed, cannot acquit the accused person

**प्रश्न सं.57**

निम्न में से कौनसा वक्तव्य सही **नहीं** है?

(1) सेशन न्यायालय द्वारा पारित मृत्यु दण्डादेश उच्च न्यायालय द्वारा पुष्टि के विषयाधीन होता है

(2) सेशन न्यायालय द्वारा पारित मृत्यु दण्डादेश की पुष्टि उच्च न्यायालय द्वारा तब ही की जा सकती है, जबकि प्रकरण की सुनवाई कर रही पीठ में कम से कम दो न्यायाधीश हों, यदि ऐसे न्यायालय में दो या अधिक न्यायाधीश हों

(3) अपील प्रस्तुत करने की समयावधि के अवसान के पूर्व मृत्यु दण्डादेश की पुष्टि का आदेश नहीं किया जा सकेगा

(4) उच्च न्यायालय मृत्यु दण्डादेश की पुष्टि पर विचार करते हुए, यदि अभियुक्त द्वारा उस मृत्यु दण्डादेश को चुनौती देने हेतु अपील नहीं की गई है, तो अभियुक्त को दोषमुक्त नहीं कर सकती है

**Question No.58**

The term "unlawful assembly" means -

(1) An assembly of five or more persons

(2) An assembly of five or more persons armed with lethal weapons

(3) An assembly of five or more persons with a common object of doing a crime

(4) An assembly of minimum two persons having common intention to commit a crime.

**प्रश्न सं.58**

'विधि विरूद्ध जमाव' से अभिप्राय है –

(1) पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का जमाव

(2) पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का घातक हथियारों के साथ जमाव

(3) अपराध कारित करने के समान उद्धेश्य से पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का जमाव

(4) अपराध कारित करने के समान आशय से कम से कम दो व्यक्तियों का जमाव

**Question No.59**

A police officer has received a sum of Rs.5000/- against fine from the persons violating traffic rules. Instead of depositing the fine money with State Treasury, he utilised the same for his personal use. What offence under Indian Penal Code, the police officer has committed?

(1) Criminal breach of trust

(2) Mischief

(3) Cheating the Government

(4) None of the above

**प्रश्न सं.59**

एक पुलिस अधिकारी द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों से 5,000 रूपये का जुर्माना प्राप्त किया गया है। जुर्माने को राजकीय कोष में जमा कराने के बजाय वह उसका स्वयं के हितार्थ उपयोग कर लेता है। पुलिस अधिकारी द्वारा भारतीय दण्ड संहिता के अधीन कौनसा अपराध कारित किया गया है?

(1) आपराधिक न्यास भंग

(2) रिष्टि

(3) सरकार से छल

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Question No.60**

If a person, with a knowledge that the feelings of a group of people is likely to be wounded, trespasses a place set apart for the performance of funeral rights, he commits a crime described under Section-

(1) Section 298 Indian Penal Code
(2) Section 297 Indian Penal Code
(3) Section 295 Indian Penal Code
(4) Section 296 Indian Penal Code

**प्रश्न सं.60**

यदि एक व्यक्ति, लोगों के एक समूह की भावनाओं को आघात पहुंचने का ज्ञान होते हुए, अन्तयेष्टि कियाओं के लिए पृथक रखे गए स्थान पर अतिचार करता है तो वह अपराध कारित करता है, जो वर्णित है –

(1) धारा 298 भारतीय दण्ड संहिता में
(2) धारा 297 भारतीय दण्ड संहिता में
(3) धारा 295 भारतीय दण्ड संहिता में
(4) धारा 296 भारतीय दण्ड संहिता में

**Question No.61**

A person held guilty for commission of an offence described under Section 326-A of the Indian Penal Code, is liable to be punished with imprisonment which shall not be less than ten years, but which may extend to imprisonment for life with fine, required to be paid to the victim. Such fine shall be -

(1) Not less than Rs.1,00,000/-
(2) Not more than Rs.5,00,000/-
(3) Just and reasonable to meet the medical expenses of the treatment of victim
(4) Determined by the Court but in no case shall be less than Rs.5,00,000/-

**प्रश्न सं.61**

एक व्यक्ति धारा 326–क में वर्णित अपराध का दोषी पाये जाने पर कारावास से दण्डित किये जाने का अधिकारी होगा, जिसकी अवधि 10 वर्ष से कम नहीं होगी, किन्तु आजीवन कारावास तक की हो सकेगी और जुर्माने से भी दण्डनीय होगा, जो कि पीड़ित को देय होगा। ऐसा जुर्माना –

(1) 1,00,000 रूपये से कम नहीं होगा
(2) 5,00,000 रूपये से अधिक नहीं होगा
(3) पीड़ित को उपचार के चिकित्सीय खर्चों को पूरा करने के लिए न्यायोचित और युक्तियुक्त होगा
(4) न्यायालय द्वारा अवधारित किया जायेगा, किन्तु किसी भी स्थिति में 5,00,000 रूपये से कम नहीं होगा

**Question No.62**

A police officer detaines a person in the lock-up despite production of a bail order from the Court. The police officer is guilty of -

(1) Abduction
(2) Wrongful confinement
(3) Wrongful restrain
(4) Kidnapping

**प्रश्न सं.62**

न्यायालय द्वारा जमानत दिये जाने का आदेश प्रस्तुत करने के उपरांत भी एक पुलिस अधिकारी एक व्यक्ति को हवालात में निरूद्ध करता है। ऐसा पुलिस अधिकारी दोषी है–

(1) अपहरण का
(2) सदोष परिरोध का
(3) सदोष अवरोध का
(4) व्यपहरण का

**Question No.63**

A hotel situated at the bank of a water reservoir, despite objection, discharges its polluted water in the reservoir, causing fouls to reservoir water. For which offence under Indian Penal Code the Manager of the Hotel can be charged?

(1) Section 277
(2) Section 276
(3) Section 278
(4) Section 282

**प्रश्न सं.63**

एक जलाशय के किनारे पर अवस्थित होटल, आपत्ति किये जाने के उपरांत भी अपने दूषित जल को जलाशय में छोड. रहा है, जिससे जलाशय का पानी कलुषित हो रहा है। होटल व्यवस्थापक को भारतीय दण्ड संहिता में किस अपराध से आरोपित किया जा सकता है?

(1) धारा 277
(2) धारा 276
(3) धारा 278
(4) धारा 282

**Question No.64**

In Indian Penal Code the pronoun 'he' and its derivatives are used for -

(1) Male
(2) Female
(3) Any person whether male or female
(4) Such words are not used in the Code

**प्रश्न सं.64**

भारतीय दण्ड संहिता में पुल्लिंग वाचक शब्द प्रयोग किये गये हैं–

(1) नर हेतु
(2) नारी हेतु
(3) हर व्यक्ति हेतु चाहे वह नर हो या नारी
(4) ऐसे शब्दों का उपयोग इस संहिता में नहीं है

**Question No.65**

In which of the following leading cases, Hon'ble the Supreme Court held that benefit of Section 3 or Section 4 of the Probation of Offenders Act, 1958 is subject to the limitations laid down in these provisions and the words 'may direct' in Section 4 does not mean 'must direct'.

(1) State of Gujarat v. V.A. Chouhan (AIR 1983 SC 359)
(2) Phul Singh v. State of Haryana (AIR 1980 SC 249)
(3) Ram Parkash v. State of Himachal Pradesh (AIR 1973 SC 780)
(4) Smt. Devki v. State of Haryana (AIR 1979 SC 1948)

**प्रश्न सं.65**

निम्न में से किस प्रमुख मुकदमें में माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने यह निर्धारित किया है कि अपराधी परिवीक्षा अधिनियम, 1958 की धारा 3 या 4 का लाभ इन्हीं प्रावधानों में विनिर्दिष्ट सीमा के विषयाधीन है तथा धारा 4 में शब्द 'निर्देश दे सकेगा' का अर्थ 'निर्देश देगा' नहीं है –

(1) गुजरात राज्य बनाम वी. ए. चौहान (ए आई आर 1983 एस सी 359)
(2) फूल सिंह बनाम हरियाणा राज्य (ए आई आर 1980 एस सी 249)
(3) राम परकाश बनाम हिमाचल प्रदेश राज्य (ए आई आर 1973 एस सी 780)
(4) श्रीमती देवकी बनाम हरियाणा राज्य (ए आई आर 1979 एस सी 1948)

**Question No.66**

Who is entitled for immunity from prosecution under Section 64-A of the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act, 1985?

(1) An addict charged for the offence punishable under Section 27 of the Act, if he volunteers for de-addiction treatment
(2) An addict charged for the offence involving small quantities of Narcotic Drugs, if he volunteers for de-addiction treatment
(3) A person who is not addict, but is accused for an offence punishable under Section 27 of the Narcotic Drugs and Psychotropic Substances Act, 1985
(4) Both (1) and (2) above

**प्रश्न सं.66**

स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 की धारा 64–क के अधीन अभियोजन से उन्मुक्ति प्राप्त करने हेतु कौन अधिकारी है?

(1) एक व्यसनी, जिस पर धारा 27 के अधीन दण्डनीय अपराध का आरोप है, यदि वह स्वैच्छा से निर्वयसन के लिए चिकित्सीय उपचार लेना चाहता है
(2) एक व्यसनी जिस पर स्वापक औषधि या मनः प्रभावी पदार्थ की अल्प मात्रा से सम्बंधित अपराध का आरोप है, यदि वह स्वैच्छा से निर्वयसन के लिए चिकित्सीय उपचार लेना चाहता है
(3) एक व्यक्ति जो व्यसनी नहीं है परन्तु स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 की धारा 27 का अपराध करने का अभियुक्त है
(4) उपरोक्त (1) एवं (2) दोनों

**Question No.67**

An officer of the Company shall not be liable to punishment, for contravention of any of the provisions of the Information Technology Act, 2000, if he proves that -

(1) He was not having knowledge about the provisions of the Act
(2) The person affected by such contravention was also involved in similar activities
(3) The contravention took place without his knowledge or he exercised all due diligence to prevent such contravention
(4) None of the above

**प्रश्न सं.67**

कम्पनी के एक अधिकारी को सूचना प्रोद्यौगिकी अधिनियम, 2000 के किसी प्रावधान का उल्लंघन करने हेतु दण्डित नहीं किया जायेगा, यदि वह यह साबित कर दे कि –

(1) उसे अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी नही थी
(2) उस उल्लंघन से प्रभावित व्यक्ति स्वयं भी समान गतिविधियों में संलग्न था
(3) यह उल्लंघन उसकी जानकारी के बिना किया गया था या उसने उस उल्लंघन किये जाने का निवारण करने के लिए सम्यक् तत्परता बरती थी
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Question No.68**

Mrs. 'R' lodges a first information report at Police Station with assertion that Mr. 'X' by sending her vulgar message either by forwarding e-mails or through Short Messaging Service (SMS) intrudes upon her privacy. For what offence, the case may be registered against Mr. 'X'?

(1) Section 509 Indian Penal Code and 66-A of the Information Technology Act, 2000
(2) Section 66-A of the Information Technology Act, 2000
(3) Section 509 Indian Penal Code and 66-E of the Information Technology Act, 2000
(4) None of the above

**प्रश्न सं.68**

श्रीमती 'आर' पुलिस थाने पर इस आशय की प्रथम सूचना रिपोर्ट दाखिल करती है कि श्री 'एक्स' उन्हें ई–मेल अग्रेषित कर या लघु संदेश सेवा (एसएमएस) द्वारा भद्दे संदेश भेजकर उनकी एकान्तता का अतिकमण कर रहे हैं। श्री 'एक्स' के विरूद्ध किस अपराध हेतु प्रकरण दर्ज किया जा सकता है?

(1) धारा 509 भारतीय दण्ड संहिता एवं 66–क सूचना प्रोद्यौगिकी अधिनियम, 2000
(2) 66–क सूचना प्रोद्यौगिकी अधिनियम, 2000
(3) धारा 509 भारतीय दण्ड संहिता एवं 66–ङ सूचना प्रोद्यौगिकी अधिनियम, 2000
(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

**Question No.69**

As per Section 147 of the Negotiable Instruments Act, 1881, every offence punishable under the Act is -

(1) Compoundable
(2) Non-compoundable
(3) Cognizable
(4) Both (2) & (3) above

**प्रश्न सं.69**

परकाम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 147 के अनुसार उस अधिनियम के अधीन दण्डनीय अपराध है –

(1) शमनीय
(2) अशमनीय
(3) संज्ञेय
(4) उपरोक्त (2) व (3)दोनों

**Question No.70**

'Mens rea has no place while determining penal liability under Section 138 of the Negotiable Instrument Act, 1881'. This statement is -

(1) Correct
(2) Wrong
(3) Partly correct
(4) Depends upon facts of the case

**प्रश्न सं.70**

'परकाम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 138 के अधीन दाण्डिक उत्तरदायित्व का निर्धारण करने में अपराधिक मनःस्थिति का कोई स्थान नहीं है।' यह कथन –

(1) सही है
(2) गलत है
(3) अंशतः सही है
(4) प्रकरण के तथ्यों पर निर्भर करेगा

**प्रश्न सं.71**

हिन्दी भाषा की लिपि है –

(1) प्राकृत
(2) पाली
(3) देवनागरी
(4) सिंहली

**प्रश्न सं.72**

अनुप्रास अलंकार का उदाहरण है –

(1) कनक कनक ते सौ गुनी मादकता अधिकाई
(2) चारू चन्द्र की चंचल किरणें, खेल रही हैं जल थल में
(3) सारी बिच नारी है कि नारी बिच सारी है
(4) आँख लगती है तब आँख लगती ही नहीं

**प्रश्न सं.73**

अनुराग शब्द का विलोम है –

(1) पराग
(2) विराग
(3) राग
(4) वीतराग

**प्रश्न सं.74**

घर शब्द का पर्यायवाची है –

(1) प्रासाद
(2) ग्रह
(3) सदन
(4) ग्राम

**प्रश्न सं.75**

उच्चारण का संधि विच्छेद है –

(1) उच्च+चारण
(2) उत्+चारण
(3) उ+चारण
(4) उच्च+आरण

**प्रश्न सं.76**

सत्+जन की संधि है –

(1) सद्जन
(2) सज्जन
(3) सत्जन
(4) सजन

**प्रश्न सं.77**

यह, वह, तुम, आप हैं –

(1) क्रिया
(2) संज्ञा
(3) विशेषण
(4) सर्वनाम

**प्रश्न सं.78**

शुद्ध शब्द चुनिए –

(1) आर्शीवाद
(2) आर्शिवाद
(3) आशीर्वाद
(4) आशिर्वाद

**प्रश्न सं.79**

'जानने की इच्छा रखने वाला' के लिये उपयुक्त शब्द है–

(1) विश्वासी
(2) सर्वज्ञ
(3) जिज्ञासु
(4) वाचाल

**प्रश्न सं.80**

'गुस्से से देखना' के लिये उपयुक्त मुहावरा है –

(1) आँख बिछाना
(2) आँख मारना
(3) आँख दिखाना
(4) आँख चुराना

**प्रश्न सं.81**

भीतर से शत्रुता और ऊपर से मीठी बात करने के भाव को व्यक्त करने वाली लोकोक्ति है –

(1) आम के आम, गुठली के दाम
(2) मुँह में राम, बगल में छुरी
(3) दोनों हाथों में लड्डू
(4) दूर के ढोल सुहावने

**प्रश्न सं.82**

निम्न में से शुद्ध वाक्य है –

(1) कृपया करके अपना स्थान ग्रहण करें
(2) अपना स्थान ग्रहण करने की कृपा करें
(3) अपना स्थान ग्रहण करने की कृपया करें
(4) उपरोक्त सभी

**प्रश्न सं.83**

'किसान ने भूमि पर हल चलाया' इस वाक्य में कर्ता एवं अधिकरण क्रमशः हैं –

(1) किसान, हल
(2) भूमि, हल
(3) किसान, भूमि
(4) हल, भूमि

**प्रश्न सं.84**

'अन्तरिम कालीन' के लिये उचित शब्द है –

(1) स्थानापन्न
(2) तदर्थ
(3) एतद्द्वारा
(4) स्थायी

**प्रश्न सं.85**

'टोकरी में मीठे सन्तरे है' में 'मीठे' शब्द कौनसा विशेषण है?

(1) परिमाणवाचक
(2) संख्यावाचक
(3) सार्वनामिक
(4) गुणवाचक

**Note: In the next seven questions, choose the correct option to fill in the blanks**

**Question No.86**

He has not yet recovered…….. his illness.

(1) with
(2) over
(3) from
(4) on

**Question No.87.**

It has been raining..........yesterday.

(1) by
(2) since
(3) after
(4) in

**Question No.88.**

This is a matter ........little importance.

(1) of
(2) for
(3) from
(4) with

**Question No.89.**

There is a cow ....... the field.

(1) in
(2) at
(3) over
(4) upon

**Question No.90.**

He keeps...... his friends through the internet.

(1) out of touch
(2) in touch with
(3) into touch with
(4) of touch with

**Question No.91.**

I shall do it .............. pleasure.

(1) over
(2) by
(3) across
(4) with

**Question No.92.**

The Chief Guest will....... the prizes.

(1) give over
(2) given up
(3) give in
(4) give away

**Note: In the next two questions, identify the tense in the given sentence–**

**Question No.93.**

She has worked out all the sums.

(1) Present Simple
(2) Past Simple
(3) Present Continuous
(4) Present Perfect

**Question No.94.**

I am reading a book.

(1) Present Perfect
(2) Past Continuous
(3) Present Continuous
(4) Present Simple

**Note: In the next two questions, pick out the meaning of the given proverb -**

**Question No.95.**

"A miss is as good as a mile"

(1) never criticize a gift
(2) one must learn how to do things gradually
(3) failure is failure
(4) nothing can be gained without effort

**Question No.96.**

"Strike while the iron is hot"

(1) make the most of present opportunities
(2) it is never too late to improve
(3) only practice will bring success
(4) none of the above

**Note: In the next two questions, pick out the correct passive voice of the given sentence-**

**Question No.97.**

This shop sells books

(1) Books are sold in this shop
(2) Shop is selling books
(3) Books are on sale
(4) None of the above

**Question No.98.**

Mother has cooked the dinner.

(1) Did mother not cook the dinner?
(2) The dinner has been cooking by mother.
(3) The dinner has been cooked by mother.
(4) Mother has not cooked the dinner.

**Note: In the next two questions, pick out the word opposite–**

**Question No.99.**

Extrovert

(1) boaster
(2) mixer
(3) introvert
(4) social

**Question No.100.**

Urban

(1) rustic
(2) rural
(3) civil
(4) domestic

******